RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार, 11 फरवरी 2023 | वर्ष 04 | अंक 256 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App



# महाराष्ट्र को मिलीं दो और वंदे भारत

## पीएम नरेंद्र मोदी ने वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई, 120 छात्रों को मुफ्त ट्रेन यात्रा मिली

**मुंबई :** पीएम नरेंद्र मोदी ने मुंबई का दौरा किया। इस बीच मुंबई से आए 120 छात्रों को भारत एक्सप्रेस में मुफ्त यात्रा करने का मौका मिला। महाराष्ट्र को आज छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से शिरडी और सोलापुर के लिए दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात मिली। इस अध्ययन में जिन 120 छात्रों को यात्रा करने का मौका मिलता है, वे केंद्र और राज्य सरकारों और रेलवे द्वारा संचालित स्कूलों में अध्ययन करते हैं। रेलवे सूचना से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने से उन्हें मुंबई से कल्याण तक की यात्रा का अनुभव करने का अवसर मिला। मध्य रेलवे ने फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया के जरिए करीब 10 हजार वीडियो आम लोगों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए वंदे भारत एक्सप्रेस, बुलेट ट्रेन और भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण, रेलवे में स्वच्छता अभियान जैसे मुद्दों पर निबंध, कविता, चित्रकला और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

**इन छात्रों को मुफ्त में भारत घूमने का मौका मिला**

ये प्रतियोगिताएं केंद्रीय विद्यालय, कोलाबा और कल्याण रेलवे स्कूल सहित कुल 19 स्कूलों में आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को वंदे भारत एक्सप्रेस में मुफ्त यात्रा करने का मौका मिला। सीएसएमटी से शिर्डी और सीएसएमटी से सोलापुर जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में से प्रत्येक में 60 बच्चों ने यात्रा की।

**वंदे भारत एक्सप्रेस इन दोनों रूटों पर तीन चरणों में चलेगी**

इन दोनों ट्रेनों के सफर में तीन स्टॉपेज होंगे। पहला रूट वंदे भारत ट्रेन सीएसएमटी से कल्याण, कल्याण से नासिक और नासिक से शिरडी और दूसरा रूट वंदे भारत ट्रेन सीएसएमटी से कल्याण, कल्याण से पुणे और पुणे से सोलापुर जाएगी। 120-120 छात्रों की दो टीमें बनाई गई हैं। सीएसएमटी से यात्रा करने वाले छात्र कल्याण में उतरेंगे। फिर छात्रों का एक और दल कल्याण में ट्रेन में सवार होगा। 3 से 4 लाख से अधिक फॉलोअर्स वाले YouTubers और प्रभावशाली लोगों को भी वंदे भारत की यात्रा करने का मौका मिलेगा। रेलवे ने फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया के जरिए जागरूकता फैलाने की योजना के तहत यह आयोजन किया है।

# नबाब मलिक के दामाद को दुबई जाने की नहीं मिली इजाजत

## विशेष NDPS अदालत ने याचिका की खारिज...



**मुंबई :** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता नवाब मलिक के दामाद समीर खान को विशेष एनडीपीएस अदालत ने दुबई जाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। समीर खान ने काम के सिलसिले में इस महीने दुबई जाने की याचिका दायर की थी। अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी। विशेष अदालत ने समीर खान की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि अपराध की गंभीरता को देखते हुए उचित आशंका है कि अगर उसे विदेश जाने की अनुमति दी गई, तो वह फरार हो सकता है या पहुंच से बाहर हो सकता है। ऐसे में मुकदमे के समय उसकी उपस्थिति को सुरक्षित करना मुश्किल होगा।

**समीर खान की याचिका का विरोध**

समीर खान ने अदालत को बताया कि वह लीग के सुपर स्टार के संस्थापक हैं। भारत में मशहूर हस्तियों के साथ कार्यक्रम आयोजित करते हैं। उनका दुबई में इसी से संबंधित कार्यक्रम है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के लिए विशेष लोक अभियोजक अमित मुंडे ने समीर की याचिका का विरोध किया और कहा कि यह दिखाने के लिए कोई विश्वसनीय दस्तावेज नहीं है।

**ड्रग्स की तस्करी में शामिल होने का आरोप**

एनसीबी ने जुलाई 2021 में समीर खान को यह आरोप लगाते हुए गिरफ्तार किया था। उन पर ब्रिटिश नागरिक करण सेजनानी के साथ मादक पदार्थों (ड्रग्स) की तस्करी में शामिल होने का आरोप है। उन्हें सितंबर 2021 में जमानत मिल गई थी।

# 15 वर्षों से फरार आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने LIC एजेंट बनकर किया अरेस्ट

**मुंबई :** आर.ए.के मार्ग पुलिस ने 38 वर्षीय भगोड़े आरोपी को फिल्मी स्टाइल में 15 साल के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान प्रवीण आशुभा जडेजा उर्फ प्रविणसिंह उर्फ प्रदीप सिंह आशुभा जडेजा के रूप में की है। दिलचस्प बात यह है कि पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी उसके मुंह में लगे दो सोने के दांत से की हैं। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पर धोखधड़ी और पुलिस को गुमराह करने का मामला दर्ज था, यह अदालत में पेश होने के बाद से फरार था और पुलिस इसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी।



आर.ए.के मार्ग पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक (अपराध) लीलाधर पाटिल ने बताया कि सहायक पुलिस निरीक्षक महेश लमखाड़े और उनकी टीम ने यह गिरफ्तारी की है। उन्होंने बताया कि प्रवीण 2007 में एक सेल्समैन के रूप में कपड़े की दुकान में काम करता था। इसके मालिक ने इसे 40 हजार रुपए दूसरे व्यापारी को देने के लिए कहा था। इसने वो पैसा अपने पास छुपाकर, पुलिस और मालिक को गुमराह किया था कि किसी ने उसके पैसे से भरा बैग शौचालय में चुरा लिया है। जांच में हकीकत सामने आई थी और प्रवीण को गिरफ्तार कर लिया गया था।

**जमानत के बाद से ही था फरार**

अदालत से जमानत मिलने के बाद से यह फरार हो गया था, मुखबिर और इसके दो सोने के दांत से इसकी पहचान की गई और पुलिस ने एलआईसी एजेंट बनकर इसमें मुंबई बुलाया और गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# ...हिंसा अस्वीकार्य

बुधवार को चंडीगढ़ की सीमा पर हिंसक भीड़ द्वारा पुलिसकर्मियों पर जो घातक हमला किया गया, वह दुर्भाग्यपूर्ण ही है। कुछ बंदियों की रिहाई के लिये मुख्यमंत्री आवास घेरने जा रहे लोगों को रोकने के बाद जो अराजक दृश्य देखे गये, वे कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिये बड़ी चुनौती पैदा करते हैं। पुलिसकर्मियों पर तलवारों से हमला, कर्मियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटना और गाड़ियों को तोड़ना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। दुखद यह है कि महिला पुलिसकर्मियों को भी नहीं बख्शा गया। नौकरशाहों व शांत तथा प्रबुद्ध लोगों के शहर में इस तरह की घटना विचलित करने वाली है। अपनी समृद्ध विरासत और प्रगतिशील परंपरा के लिये पहचाने जाने वाले सिटी ब्यूटीफुल की पुलिस को कमोबेश सभ्य-सहज व्यवहार करने के लिये जाना जाता है। विडंबना यह है कि यहां की पुलिस व प्रशासन को दो प्रदेशों की राजधानी होने की कीमत चुकानी होती है। इसे उन विवादों की आंच में झुलसना पड़ता है, जो मूल रूप से पंजाब व हरियाणा से जुड़े होते हैं। निस्संदेह, हर व्यक्ति को अभिव्यक्ति की आजादी है। उसे हक है कि वह अपनी बात को रखे, लेकिन उसका आंदोलन मर्यादित होना भी जरूरी है ताकि अन्य लोगों की अभिव्यक्ति व जीने के अधिकार का अतिक्रमण न हो। उल्लेखनीय है कि चंडीगढ़ के पुलिस-प्रशासन ने शहर के नागरिकों को आये दिन होने वाले आंदोलन से अप्रभावित रखने तथा नियमों के सांचे में ढली यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने के लिये सेक्टर 25 में अलग आंदोलन स्थल की व्यवस्था की है, लेकिन कतिपय उग्र सोच के लोग सड़कों पर आंदोलन करने लग जाते हैं ताकि लोगों का ध्यान खींच कर सुर्खियों में बना रहा जाये। कुछ ऐसा ही घटनाक्रम किसान आंदोलन के दौरान देखा गया था, जिसकी तपिश दिल्ली व लाल किले तक महसूस हुई थी। चंडीगढ़ में पुलिसकर्मियों के साथ जो दुर्व्यवहार व हिंसा हुई वह बताता है कि देश के अन्य भागों में पुलिस क्यों ऐसे मामलों में आक्रामक और प्रतिकारी बन जाती है।

दरअसल, पंजाब में राजनीतिक हिंसा व धर्म विशेष को लेकर होने वाले आंदोलनों के बारे में आम धारणा रही है कि पंजाब में जब भी धार्मिक संगठनों में पैठ रखने वाला एक राजनीतिक दल सत्ता से बाहर होता है, तब-तब ऐसे उग्र सोच के लोग पुलिस व प्रशासन को चुनौती देते नजर आते हैं। ऐसा विगत में भी खूब होता है। विडंबना यह है कि समाज में बेरोजगार युवा इस अभियान के साथ जुड़ जाते हैं, जिनका इस्तेमाल आतिवादी घटनाओं को अंजाम देने में किया जाता है। इस तरह के घटनाक्रमों से चंडीगढ़ व पंजाब की शांति भंग होती है और कानून व्यवस्था का संकट पैदा होता है। कहीं न कहीं ये घटनाक्रम राजनीति व धर्म के घालमेल के खतरों की ओर भी इशारा करता है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1985 में चंडीगढ़ में ऐसे ही घटनाक्रम के दौरान विरोध करने वाले लोग हिंसक हो गये थे और पुलिस को मजबूरन गोली चलानी पड़ी थी। पंजाब विधानसभा का घेराव करने जा रहे आंदोलनकारियों व पुलिस के बीच एमएलए होस्टल के निकट हिंसक संघर्ष हुआ था, जिसमें तीन लोगों की मृत्यु हो गई थी। बुधवार के घटनाक्रम में भी यही स्थितियां पैदा हो सकती थीं, यदि पुलिस संयम का परिचय नहीं देती।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# नाना पटोले को नहीं हटाया तो महाराष्ट्र का भी हाल पंजाब कांग्रेस जैसा होगा-आशीष देशमुख

**मुंबई :** महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष पद से अगर नाना पटोले को नहीं हटाया गया तो महाराष्ट्र कांग्रेस का भी हाल पंजाब कांग्रेस जैसा होगा। पार्टी खेमों में नहीं बंटे इसलिए इसलिए हमने नाना पटोले के खिलाफ आवाज उठाई है। यह कहना है कांग्रेस विधायक आशीष देशमुख का। वे नाना पटोले का विरोध कर रहे हैं तो वहीं बाला साहेब थोराट के समर्थन में खड़े हैं। उन्होंने कहा, ह्यआलाकमान को नाना पटोले को अध्यक्ष पद से हटाना चाहिए या इस्तीफा लेना चाहिए। साथ ही किसी भी हाल में बालासाहेब थोराट का कांग्रेस विधायक दल नेता पद से इस्तीफा नामंजूर करना चाहिए।ह्न देशमुख ने कहा कि आनेवाले समय में लोकसभा चुनाव, 10 महानगरपालिका और दूसरे छोटे



चुनाव महाराष्ट्र में होनेवाले है। ऐसे में बालासाहेब थोराट जैसे अनुभवी नेता की हमें सख्त जरूरत है। देशमुख ने कहा कि नाना पटोले 4 साल पहले बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए और आते ही पार्टी में उन्हें एक के बाद एक बड़े पद मिलते ही चले गए। जबकि महाराष्ट्र में दूसरे बड़े नेता भी हैं, लेकिन उन्हें नजरंदाज किया गया। आशीष देखमुख ने कहा कि नाना पटोले से विदर्भ के कई बड़े नेता नाराज हैं। इतना ही नहीं नाराज नेताओं ने पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से दिल्ली में मुलाकात में अपनी नाराजगी जताई है।

नाना पटोले के गलत फैसले से पार्टी को नुकसान-देशमुख

आशीष देशमुख ने कहा कि नाना पटोले के गलत फैसले से नुकसान हुआ। उन्होंने एमवीए की सरकार में बिना किसी से सलाह किये स्पीकर पद से इस्तीफा देने का फैसला लिया। जिसका ट्रिगर पॉइंट सत्यजीत तांबे प्रकरण बना। उस मामले को बहुत आसानी से सुलझाया जा सकता था। आज नाना पटोले के खिलाफ और थोराट के समर्थन में कई नेता मिलेंगे। नाना पाटोले के खिलाफ प्रभारी एचके पाटिल से भी हम 12 फरवरी को मिलेंगे और 15 फरवरी को पार्टी की कार्यकारिणी की बैठक में भी मुद्दा उठाएंगे। नाना पटोले के गलत फैसलों की वजह से बीजेपी को महाराष्ट्र में फायदा मिल रहा है, इसलिए उनका पद से हटना जरूरी है।

# पुणे के भीमा नदी में मिला शव, बॉडी का सिर कटा... पांच टुकड़े, मची सनसनी



**महाराष्ट्र :** आये दिन महाराष्ट्र में क्राइम की घटनाएं बढ़ती ही जा रही है। ऐसे में पुणे जिले के दौंड तालुका से एक और खबर सामने आई है। दरअसल यहां के भीमा नदी में सात शव मिलने की घटना से एक और शव ताजा मिला है। इंदापुर तालुका के झलनावाड़ी में भीमा नदी के तल में एक 30 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई है। इस युवक का सिर कटा शव पांच टुकड़ों में काटने के बाद एक प्लास्टिक बैग में मिला।

**पुलिस कर रही जांच**

घटना की जानकारी होते ही भिगवण पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। इस शव की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है लेकिन पुलिस तंत्र इस रहस्यमयी और उतनी ही रहस्यमयी नृशंस हत्या की तहकीकात के लिए मुस्तैद है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आनंद भोइते, पुणे ग्रामीण स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक अविनाश शिलिमकर, भिगवान पुलिस निरीक्षक दिलीप पवार सहित एक पुलिस टीम ने घटनास्थल का दौरा किया और जांच शुरू कर दी है।

**पहले भी मिले 7 शव**

गौरतलब हो कि पिछले महीने भीमा नदी में एक ही परिवार के 7 सदस्यों के शव मिले थे। अहमदनगर जिले के परनेर तालुका के निघोज गांव में रहने वाले पवार और फूलवरे परिवारों के 7 पुरुषों और महिलाओं के छह दिनों में दौंड तालुका के परगांव में भीमा नदी के तल में शव मिलने के बाद हंगामा मच गया। ऐसे में अब यह और एक घटना सामने आई है।

**मौसेरे भाई ने की हत्या**

इस घटना के बारे में यह बात सामने आई है कि हत्या मोहन पवार के मौसेरे भाई ने की है। मोहन पवार के बेटे के साथ उनके चचेरे भाई का बेटा भी था। उस समय उनका एक्सीडेंट हो गया था।

# राम मंदिर को उड़ाने की दी थी धमकी, महाराष्ट्र से शख्स गिरफ्तार



**नई दिल्ली:** अयोध्या के सर्कल ऑफिसर शैलेंद्र प्रताप गौतम ने कहा कि रामलला सदन में रहने वाले मनोज कुमार के मोबाइल पर 2 फरवरी को राम मंदिर को उड़ाने का मैसेज आया था। धमकी देने वाले शख्स और उसकी पत्नी को महाराष्ट्र के अहमदनगर से गिरफ्तार किया गया है।

सर्कल ऑफिसर शैलेंद्र प्रताप गौतम ने कहा किन हमें जांच में दिल्ली के रहने वाले शख्स बिलाल का नंबर मिला। पूछताछ में पता चला कि एक लड़का बिलाल को फंसाना चाहता था जिसके लिए इसने इंटरनेट कॉलिंग कर धमकी दी थी। जांच में इनका नाम अनिल रामदास पता चला। यह चेन्नई से अपनी पत्नी के साथ काम करता है। पैसे की लेनदेन की वजह से इनके संबंध बिलाल की बहन से बिगड़ गए थे और बिलाल को फंसाना चाहते थे। इनके पास से 9 मोबाइल फोन, बैंकों की चेकबुक-पासबुक आदि चीजें मिली हैं।



# ठाणे में शरद पवार की NCP को झटका!

## पूर्व पार्षद ने थामा इस पार्टी का दामन



**ठाणे :** महाराष्ट्र में ठाणे से पूर्व पार्षद हनुमंत जगदाले ने शुक्रवार को कहा कि वह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) छोड़ रहे हैं और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की बालासाहेबंची शिवसेना (बीएसएस) में शामिल हो रहे हैं. संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जगदाले ने कहा कि उन्होंने यह निर्णय इसलिए लिया क्योंकि सत्तारूढ़ दल के समर्थन के बिना विकास कार्य करना संभव नहीं था. उन्होंने कहा कि एनसीपी के कुछ अन्य पूर्व पार्षद और कार्यकर्ता रविवार को बीएसएस में शामिल होंगे. ठाणे और महाराष्ट्र के कई शहरों के नगर निकाय चुनाव 2022 के शुरू में कराये जाने थे.

**उपचुनाव के लिए एनसीपी ने कसी कमर**

चिंचवड़ उपचुनाव के लिए एनसीपी आक्रामक प्रचार के लिए कमर कस रही है, हालांकि शिवसेना (यूबीटी) के नेता राहुल कलाटे अभी भी निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने के लिए दृढ़ हैं. एमवीए ने चिंचवड़ में एनसीपी के नाना काटे को बीजेपी के अश्विनी जगताप के खिलाफ मैदान में उतारा है, जो पूर्व विधायक लक्ष्मण जगताप की पत्नी हैं. शिवसेना नेता सचिन अहीर ने मुंबई में मीडिया से कहा कि शुक्रवार को नामांकन वापस लेने का आखिरी दिन था और वह कलाटे से इस मुद्दे पर बात करेंगे.

अहीर, जो शिवसेना यूबीटी के पुणे जिला समन्वयक हैं, ने कहा कि उन्होंने पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे के साथ इस मुद्दे पर चर्चा की है. उन्होंने कहा, ह्लठाकरे ने मुझे कलाटे से बात करने के लिए कहा है. एमवीए ने एक साथ उपचुनाव लड़ने का फैसला किया है. कलाटे अभी युवा हैं और उन्हें और मौके मिल सकते हैं.ह्व वरिष्ठ नेता अजित पवार ने चिंचवड़ में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम (एमवीए सहयोगी) एक साथ हैं. शिवसेना (यूबीटी) अपनी पूरी ताकत के साथ अभियान में भाग लेगी. हम चुनाव प्रचार में शामिल होने के लिए आदित्य ठाकरे से संपर्क कर रहे हैं.'

# प्रज्ञा सातव पर हमला करने के मामले में एक व्यक्ति गिरफ्तार



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र विधान परिषद में कांग्रेस की सदस्य प्रज्ञा राजीव सातव पर राज्य के हिंगोली जिले में कथित तौर पर हमला करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। इस मामले में एक 40 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। हिंगोली के पुलिस अधीक्षक जी. श्रीधर ने कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उन्होंने सातव के शिकायत दर्ज कराने के बाद मामले में महेंद्र डोंगरदिवे नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। डोंगरदिवे के खिलाफ बालापुर थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 352, 353 और 323 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले, प्रज्ञा सातव ने आरोप लगाया था कि बीते बुधवार को एक अज्ञात व्यक्ति ने उन पर पीछे से हमला किया। उन्होंने यह भी कहा था कि उनकी जान को खतरा है। प्रज्ञा सातव ने कहा कि पिछले साल नवंबर के बाद से उन पर दूसरी बार हमला किया गया है और वह चाहती हैं कि उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया कराई जाए।

**पत्नी की हत्या के आरोप में पति और एक अन्य गिरफ्तार**

पालघर जिले के विरार में पत्न ी की हत्या के आरोप में पति और एक अन्य को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।विरार पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक राजेंद्र कांबले ने बताया कि प्रियंका पाटिल का शव एक फरवरी को शंकर पाडा स्थित उनके घर से मिला था और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण गला घोंटना बताए जाने के बाद हत्या की जांच शुरू हुई थी। उन्होंने कहा, सुराग के लिए सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की गई। हमें एक गुप्त सूचना मिली कि उसका पति उसके चरित्र पर संदेह करता था और उसे मारना चाहता था। हमने हत्या के सिलसिले में पहले उसके पति के दोस्त को गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा, सूचना के आधार पर उसके पति को गिरफ्तार किया गया। मामले में आगे की जांच जारी है।

**पत्रकार की हत्या के सिलसिले में 30 लोगों के बयान दर्ज**

पुलिस ने रत्नागिरि जिले के राजापुर शहर में एक जमीन डीलर द्वारा एक स्थानीय पत्रकार की कथित हत्या के सिलसिले में कम से कम 30 लोगों के बयान दर्ज किए हैं।

# नीरव मोदी की फर्म के खातों में फंसे 37 करोड़ रुपए, बैंकों ने कहा- नहीं निकाल सकते



**मुंबई।** दो बैंकों ने गुरुवार को विशेष पीएमएलए (मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम) अदालत को बताया कि वे भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी के स्वामित्व वाली कंपनी फायरस्टार इंटरनेशनल लिमिटेड के खातों में पड़े पैसे को जारी नहीं कर सकते हैं। कोर्ट में दायर एक हलफनामे के जवाब में बैंकों ने दावा किया कि नीरव मोदी की फर्म के खातों से 37 करोड़ जारी करने बाकी थे। अब बैंको ने कहा है कि इस रकम जारी नहीं करेंगे।

बैंकों की ओर से पिछले अक्टूबर में हलफनामा दायर किया गया था। कंपनी के पास कोटक महिंद्रा बैंक के साथ 2.67 करोड़ रुपये, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ 17.98 करोड़ रुपये और बैंक ऑफ महाराष्ट्र के साथ 16.32 करोड़ रुपये जमा थे। हलफनामे में कहा गया कि कोर्ट ने 13 अगस्त, 2021 को बैंकों को फर्म के पक्ष में पैसा जारी करने का निर्देश दिया था। हालांकि, जब बैंकों के अधिकारी उनके पास पहुंचे, तो उन्होंने ऐसा करने में असमर्थता जताई।

गुरुवार को, कोटक महिंद्रा बैंक ने कहा कि फर्म का खाता पहले आयकर विभाग द्वारा और एक दिन बाद प्रवर्तन निदेशालय द्वारा संलग्न किया गया था, जो मोदी और उनकी फायरस्टार समूह की फर्मों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच कर रहा है। बैंक ने कोर्ट को बताया कि आयकर विभाग ने 21 फरवरी, 2019 को एक नोटिस जारी किया था, जिसमें उनसे फायरस्टार इंटरनेशनल लिमिटेड का बकाया चुकाने को कहा गया था।

बैंक ने कहा, हमारे पास भुगतान (कंपनी के खाते से) करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं था, क्योंकि बकाया राशि वैधानिक थी और अगर उनका भुगतान नहीं किया गया तो गंभीर परिणाम होंगे। हालांकि, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने अपने जवाब में कहा कि फर्म के क्रेडिट बैलेंस में रखी गई धनराशि को एक ऋण खाते के खिलाफ समायोजित किया गया था। वहीं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को अभी अपना जवाब दाखिल करना है। हालांकि ऋण वसूली करने वाली एजेंसी ने तर्क दिया था कि बैंकों को अदालत की अनुमति के बिना फर्म के खातों में पड़े धन को छूना नहीं चाहिए था। इस मामले पर अब कोर्ट 23 फरवरी को अपना फैसला सुनाएगी।

# MLA प्रज्ञा सातव पर हमले का आरोपी गिरफ्तार, हमलावर ने पहले पूछा था-कार में मैडम कौन हैं

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधान परिषद में कांग्रेस की सदस्य प्रज्ञा राजीव सातव पर हिंगोली में हमला करने के मामले में एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इस मामले में 40 साल के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सातव ने दावा किया था कि बुधवार को एक अज्ञात व्यक्ति ने उन पर पीछे से हमला किया और उनकी जान को खतरा है। प्रज्ञा सातव ने कहा कि पिछले साल नवंबर के बाद से उन पर दूसरी बार हमला किया गया है और वह चाहती हैं कि उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया कराई जाए।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने सातव के शिकायत दर्ज कराने के बाद मामले में महेंद्र डोंगरदिवे नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है हिंगोली के पुलिस अधीक्षक जी। श्रीधर ने कहा कि कस्बे धवंदा में विधान पार्षद सातव पर व्यक्ति ने पीछे से हमला किया। घटना के समय व्यक्ति नशे में था। उन्होंने बताया कि डोंगरदिवे के खिलाफ बालापुर थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 352, 353 और 323 के तहत मामला दर्ज किया गया है।सातव ने बुधवार को ट्वीट किया था कि आज कलामनूरी गांव के कस्बे धवंदा में मुझ पर हमला किया गया। एक अज्ञात व्यक्ति ने पीछे से मुझ पर हमला किया। यह मुझे चोट पहुंचाने का गंभीर प्रयास था और मेरी जान को खतरा है।

सातव ने कहा कि एक महिला विधान पार्षद पर हमला लोकतंत्र पर हमला है। सामने आकर लड़ें, कायरों की तरह नहीं।बता दें कि प्रज्ञा कांग्रेस के दिवंगत नेता राजीव सातव की पत्नी हैं।महिला विधान पार्षद ने एक स्थानीय समाचार चैनल से गुरुवार को कहा कि मुझपर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भी हमला किया गया था, लेकिन मैं बच गई थी क्योंकि मेरे आसपास मौजूद लोगों ने मुझे बचा लिया। उन्होंने कहा कि वह राज्य सरकार से आवश्यक व्यवस्था करने और महिलाओं पर इस तरह के हमलों को रोकने का आग्रह करेंगी।सातव ने कहा कि मुझे संदेह है कि मुझ पर हमला करने वाले व्यक्ति को किसी ने भेजा था। पुलिस ने मुझसे कहा है कि हमले के पीछे कोई राजनीतिक साजिश नहीं है, लेकिन हमलावर कल रात मेरे वाहन के पास आया और उसने पूछा कि कार में कौन मैडम हैं। इसका मतलब है कि वह मुझे ही ढूंढ़ रहा था।



# पीएम मोदी ने अलजामिया-तुस-सैफियाह अरबी अकादमी के नए परिसर का किया उद्घाटन

**मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को मुंबई की अपनी यात्रा के दौरान दाऊदी बोहरा समुदाय के एक शैक्षणिक संस्थान के एक नए परिसर का उद्घाटन किया। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, पीएम मोदी ने मुंबई के मारोल में अलजामिया-तुस-सैफियाह अरबी अकादमी के नए परिसर का उद्घाटन किया। मालूम हो कि दाउदी बोहरा समुदाय के प्राथमिक शैक्षणिक संस्थान अलजामिया-तुस-सैफियाह या सैफी अकादमी का नया परिसर मुंबई के एक उपनगर मारोल में है।



**चार पीढ़ियों से इस परिवार के साथ- पीएम**

मुंबई में अलजामिया-तुस-सैफियाह के नए परिसर के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, ''मैं यहां न तो पीएम के तौर पर हूं और न ही सीएम के तौर पर। मेरे पास जो सौभाग्य है, वह शायद बहुत कम लोगों को मिला है। मैं इस परिवार से चार पीढ़ियों से जुड़ा हुआ हूं। सभी चार पीढ़ियां मेरे घर आ चुकी हैं।''

**विकास की कसौटी पर दाऊदी बोहरा समुदाय ने खुद को किया साबित**

उन्होंने आगे कहा कि कोई समुदाय, समाज, संगठन उसकी पहचान इससे है कि वह समय के अनुसार अपनी प्रासंगिकता को कितना कायम रखता है। समय के साथ परिवर्तन और विकास की इस कसौटी पर दाऊदी बोहरा समुदाय ने हमेशा खुद को खरा साबित किया है। अल जामिया-तुस-सैफियाह शिक्षा के महत्वपूर्ण स्थान इसका जीता जागता उदाहरण है।

**देश की शिक्षा व्यवस्था में हुआ है बदलाव**

पीएम मोदी ने कहा कि देश आजादी के अमृत काल की यात्रा शुरू कर रहा है,तो शिक्षा के क्षेत्र में बोहरा समाज के इस योगदान की अहमियत बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि जब आप मुंबई, सूरत जाएं तो दांडी जरूर जाइएगा।दांडी यात्रा गांधी जी की आजादी की लड़ाई में एक मोड़ था। नमक सत्याग्रह से पहले गांधी जी दांडी में आपके घर रुके थे। उन्होंने कहा, ''देश में शिक्षा व्यवस्था में एक और बदलाव हुआ है।ये बदलाव है- एजुकेशन सिस्टम में स्थानीय भाषा को महत्व देना। अंग्रेजों ने अंग्रेजी को शिक्षा का पैमाना बना दिया था। आजादी के बाद भी हम उस हीनभावना को ढोते रहे। लेकिन अब मेडिकल, इंजीनियरिंग जैसी पढ़ाई भी स्थानीय भाषा में हो सकेगी।''

# भिवंडी तालुका पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो आरोपियों को गिरफ्तार कर ट्रक सहित लाखों का माल जब्त

**भिवंडी :** भिवंडी तालुका पुलिस ने भिवंडी तालुका के ग्रामीण इलाकों में चोरी के दो मामलों में दो आरोपी हीरा राम प्रसाद गौड़ (26) और मोहम्मद हैदर हुसैन शेख (27) को गिरफ्तार कर चोरी में प्रयोग किए गए एक ट्रक सहित 2 लाख 33 हजार रुपए का मुद्दे माल बरामद किया है।मिली जानकारी के अनुसार भिवंडी तालुका के वडघर में रूपेश कृष्णा पाटिल के घर में हुई चोरी में 57 हजार रुपए की नकदी चोरी हो गई, जबकि एक अन्य घटना में नागराज विराजी पटेल के गोदाम में चोरी हुई थी।इस संबंध में भिवंडी तालुका पुलिस स्टेशन में चोरी के दो मामले दर्ज किए गए थे। पुलिस उपाधीक्षक अजीत आगरकर, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दत्तात्रेय बोराटे के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक सचिन कुलकर्णी



एवं पुलिस टीम के संजय कोली, कुणाल भामरे, केडी कालधोके, जयवंत मोरे, सुशील पवार, दामोदर पवार, समिंध गोखले ने अपराध क्षेत्र के सीसीटीवी और मोबाइल तकनीकी जांच के आधार पर हीरा राम प्रसाद गौड़ और मोहम्मद हैदर मोहम्मद हुसैन शेख को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद उनके कब्जे से अपराध में प्रयुक्त ट्रक सहित दोनों वारदातों में कुल 2 लाख 33 हजार का सामान जब्त किया गया है। इन दोनों आरोपियों को भिवंडी कोर्ट में पेश किया गया तो कोर्ट इन दोनों को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया है।

## वंदे भारत एक्सप्रेस पर फिर पत्थरबाजी... मामला दर्ज




**तेलंगाना :** तेलंगाना के महबूबाबाद जिले में अज्ञात लोगों की ओर से सिकंदराबाद से विशाखापत्तनम जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस पर शुक्रवार को पत्थरबाजी करने की घटना सामने आई है. रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल (RPF) ने मामले का संज्ञान लिया है और जांच जारी है. वंदेभारत एक्सप्रेस को नुकसान या खिड़कियों के शीशे टूटने के सवाल पर अधिकारियों ने बताया, ''इसका (नुकसान) आकलन ट्रेन के विशाखापत्तनम पहुंचने पर किया जाएगा.'' अधिकारियों ने प्राथमिक जांच के आधार पर बताया कि संदेह है कि कुछ बच्चों ने ट्रेन पर पत्थरबाजी की होगी, लेकिन जांच जारी है. एक अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और रेलवे पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेकर मामला दर्ज किया है.

# मुंबई में कबड्डी खेलते समय हो गया दर्दनाक हादसा!

## एक युवक की मौत, वीडियो वायरल...



**मुंबई :** मुंबई के मलाड इलाके से एक दर्दनाक खबर सामने आ रही है।जहां कबड्डी खेलते समय एक 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। चौंकाने वाली यह घटना तब हुई जब मलाड में नगर निगम के लव गार्डन में कबड्डी प्रतियोगिता चल रही थी।जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान किर्तिकराज मल्लन (20) के रूप में हुई है। किर्तिकराज बीकॉम का छात्र था।इस घटना के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए शताब्दी अस्पताल भेजा गया है। इस बीच, पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है और घटना की आगे की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार को मित्तल कॉलेज द्वारा मलाड पश्चिम में स्थित बीएमसी के लव गार्डन में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था. किर्तिकराज दिंडोशी के संतोष नगर इलाके का निवासी हैं। वह गोरेगांव के विवेक कॉलेज में बीकॉम प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। मृतक छात्र को मित्तल विद्यालय के लिए खेलने के लिए बुलाया गया था। गुरुवार को दोपहर करीब तीन बजे कबड्डी मैच चल रहा था तभी छात्र किर्तिकराज की दुर्घटनावश मौत हो गई।

किर्तिकराज मित्तल कॉलेज के लिए खेल रहा था। इस दौरान आकाश कॉलेज बनाम मित्तल कॉलेज के बीच कबड्डी मैच चल रहा था। खेलने के दौरान किर्तिकराज कुछ खिलाड़ियों के साथ जमीन पर गिर पड़ा और बेहोश हो गया। इसके बाद छात्रों ने तुरंत घटना के बारे में मलाड पुलिस को सूचित किया, और किर्तिकराज को पास के सरकारी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने किर्तिकराज को भर्ती करने से पहले ही मृत घोषित कर दिया।

# दिवा प्रभाग समेती ने की खान कंपाउंड की अवैध निर्माण पर कार्यवाही



**अफजल शैख**

**दिवा :** दिवा प्रभाग समेती के आयुक्त फारूक शैख ने सभी अवैध निर्माण पर कार्यवाही करना शुरू कर दिया है और अब सभी अवैध निर्माणकरता में खालबाली सी मची हुई है की लगातार हो रही कार्यवाही से ये संतुष्ट होता है की मनपा अब सभी मौत की इमारतों को छोड़ेगी नही, 06.02.2023 को दिवा प्रभाग समेती ने खान कंपाउंड पर 3 अवैध निर्माण पर कार्यवाही की है जिसमे ऋ-1 पर स्लैब काटा गया और बिल्डर हेमंत रविंद्रनाथ शर्मा पर भी एक्शन लिया गया, फिर बिल्डर तावीज खान की ऋ-6 का स्लैब काटा गया और एक ऋ-6 का स्लैब काट कर ये मैसेज दिया की अब अवैध निर्माण पर लगाम लगाई जाएगी।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com